कुलसचिव
**Registrar**

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर
**Maa Vindhyavasini University,
Mirzapur**
**Email-** registrarmvsuniversity@gmail.com

पत्रांक– माँ वि0वि0/कु0स0का0/51 /2026–27 दिनांक–16 अप्रैल, 2026

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक,**
माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर।

विषय– **FYUP के अंतर्गत विषय पुंज के अनुसार विषय निर्धारण के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया अवगत कराना है कि FYUP (Four Year Undergraduate Programme) के क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों एवं संचालित विषयों के अनुरूप संकायों का वर्गीकरण तथा विषय पुंज के निर्धारण के लिए एक समिति का गठन किया गया था। उक्त समिति द्वारा स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु विषय पुंज का निर्धारण कर अपनी संस्तुति प्रस्तुत की गयी है।

समिति द्वारा प्रस्तुत की गयी संस्तुति की प्रति संलग्न करते हुए समस्त प्रवेश लेने वाले महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि स्नातक स्तर पर अपने–अपने महाविद्यालय में समिति की संस्तुतियों के अनुसार ही विषय पुंज बनाते हुए प्रवेश लेना सुनिश्चित करें एवं अपने महाविद्यालय में प्रवेश हेतु अनुमन्य सीटों पर समय–समय पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण का भी शत–प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक - यथोक्त।

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–**

1. माननीय कुलपति जी के सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

2

सेवा में,

कुलसचिव,
माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर।

महोदय,

आपके पत्रांक–माँ वि0वि0/कु0स0का0/1163/2025–26 दिनांक 25–03–2026 के तद्क्रम में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (FYUP) लागू करने के लिये विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों तथा संचालित विषयों के विषय पुंज का संकायवार निर्धारण कर अधोलिखित बिन्दुओं के अनुसार अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है–

1. उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 सं0–2090/सत्तर–3–2024–09(01)/2023 (L4) दिनांक 02 सितम्बर, 2024 के अनुपालन में सत्र 2025–26 से नई शिक्षा नीति के (FYUP) नीति को माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर द्वारा अंगीकार किया गया है, जिसे सत्र 2026–27 से लागू करने का निर्णय लिया गया है।
2. (FYUP) प्रोग्राम के तहत एक वर्ष का सर्टिफिकेट, दो वर्ष का डिप्लोमा, तीन वर्ष की स्नातक डिग्री, चार वर्ष स्नातक (मानद), स्नातक (मानद शोध सहित) डिग्री एवं एकवर्षीय की स्नातकोत्तर डिग्री तथा शोध उपाधि लागू होगी।
3. (FYUP) के अनुरूप संकाय विषयों का समूह है, यथा–कला संकाय, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय इत्यादि।
4. छात्रों को बहुविषयकता उपलब्ध कराने के लिये विषयों के वर्गीकरण की व्यवस्था शासनादेश सं0–1267/सत्तर–3–2021–16(26)/2011 दिनांक 15–06–2021 के अनुसार समिति द्वारा विषय समूहों का वर्गीकरण एवं उससे आच्छादित विषय का विवरण निम्नलिखित प्रकार से किया जाता है :–

(क) **ग्रुप–एः–**
अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, अरबी

(ख) **ग्रुप–बीः–**
आधुनिक एवं मध्यकालीन इतिहास, प्राचीन इतिहास, दर्शनशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, सैन्य विज्ञान, पत्रकारिता, पत्रकारिता एवं जनसंचार, लाइब्रेरी एवं इनफार्मेशन सांइस, गायन/सितार/तबला, ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग

(ग) **ग्रुप–सीः–**
समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज कार्य (Social Work), अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, भूगोल

(घ) **ग्रुप–डीः–**
तबला, सितार, वोकल (गायन) ड्राइंग एण्ड पेन्टिग,(फाइन आर्ट,- बी0एफ0ए0)

16.4.26 16.4.26 16.04.26 16-04-26 16/04/26

5. विश्वविद्यालय/सम्बद्ध महाविद्यालय में सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु निम्नलिखित विषय पुंज अनुमन्य किये जाते हैं :–

5.1 ग्रुप–ए के अन्तर्गत निम्नलिखित विषय पुंज अनुमन्य किये जाते हैं–
अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, अरबी (इनमें से कोई दो)।

5.2 ग्रुप–बी के अन्तर्गत निम्नलिखित विषय पुंज अनुमन्य किये जाते हैं–
(अ) आधुनिक एवं मध्यकालीन इतिहास, प्राचीन इतिहास (इनमें से कोई एक)।
(ब) दर्शनशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, सैन्य विज्ञान (इनमें से कोई एक)।
(स) पत्रकारिता, पत्रकारिता एवं जनसंचार, लाइब्रेरी एण्ड इनफॉर्मेशन साइंस (इनमें से कोई एक)।
(द) तबला, सितार, वोकल (गायन) ड्राइंग एण्ड पेन्टिग (इनमें से कोई एक)।

5.3 ग्रुप–सी के अन्तर्गत निम्नलिखित विषय पुंज अनुमन्य किये जाते हैं–
(अ) समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज कार्य (इनमें से कोई एक)
(ब) अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान (इनमें से कोई एक)
(स) शारीरिक शिक्षा, भूगोल (इनमें से कोई एक)

<u>नोट :–</u> उपरोक्त विषय पुंजों में से दो मेजर विषय का चयन (अ, ब, स या द से एक–एक विषय) किया जायेगा।

6. विषय समूहों का वर्गीकरण व्यवस्था छात्रों को बहुविषयकता उपलब्ध कराने हेतु है। परन्तु उन्हें डिग्री कला संकाय की मिलेगी।

7. <u>मुख्य मेजर विषय का चयन :–</u>

7.1 प्रारम्भ में विद्यार्थी का प्रवेश तीन वर्ष की स्नातक डिग्री हेतु होगा। चौथे वर्ष में विद्यार्थी चार वर्ष की स्नातक (मानद, स्नातक मानद शोध सहित एवं स्नातक अप्रेन्टिसशिप एम्बेडेड) डिग्री में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

7.2 विश्वविद्यालय इच्छुक संस्थानों को चार वर्षीय स्नातक FYUP की मान्यता/सम्बद्धता नये कोर्स के रूप में नियमानुसार प्रदान कर सकता है।

8. <u>माइनर विषय का चयन :–</u>

8.1 माइनर विषय का कोर्स किसी भी विषय का इलेक्टिव पेपर होगा न कि पूर्ण विषय, यह 06 क्रेडिट का होगा।

8.2 विद्यार्थी माइनर विषय का चयन अपने द्वारा चयनित मेजर विषय समूह को छोड़कर अन्य संकाय या दूसरे विषय समूह से भी कर सकता है। माइनर विषय की परीक्षा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार आयोजित होगी।

16.4.26 16.4.26 16.04.26 16-04-26
16/04/2026

## 9. कौशल विकास का चयन :–

9.1 कौशल विकास/स्कील कोर्स का प्रश्न–पत्र विद्यार्थी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में चयन करना होगा। विषय का चयन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम अथवा स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स की सूची से चयन कर सकता है। जिसकी क्रेडिट कुल 09 होगी। प्रत्येक सेमेस्टर 03 क्रेडिट का होगा।

## 10. सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम/(Co-Curricular Courses) :–

10.1 स्नातक स्तर पर प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्षों (चार सेमेस्टर्स) के प्रत्येक सेमेस्टर में 02 क्रेडिट का एक सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम/कोर्स करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक सेमेस्टर 02 क्रेडिट का होगा। अर्थात् विद्यार्थी को कुल 08 क्रेडिट अर्जित करने होंगे।

10.2 विद्यार्थी को,

(अ) प्रथम सेमेस्टर में

**प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (First Aid and Basic Health),**

(ब) द्वितीय सेमेस्टर में–

**मानवीय मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environmental Studies),**

(स) तृतीय सेमेस्टर में–

**शारीरिक शिक्षा एवं योग (Physical Education & Yoga),**

(द) चतुर्थ सेमेस्टर में–

**एक भारतीय/स्थानीय भाषा या यू0जी0सी0 द्वारा बनाये गये 'सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता' पाठ्यक्रम** अनिवार्य रूप चयनित करना होगा।

नोट :– (1) भारतीय भाषा को मुख्य विषय के रूप में लेने वाले विद्यार्थी **सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता पाठ्यक्रम** का अध्ययन करेगें तथा अन्य छात्र भारतीय/स्थानीय भाषा का अध्ययन करेगें।

(2) महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अपने संसाधनों के अनुरूप निर्धारित सीटों में से न्यूनतम 33 प्रतिशत सीट पर प्रत्येक समूह में प्रवेश होगा।

16.4.26 16.4.26 16.04.26 16-04-26

16/04/2026

सेवा में,

कुलसचिव,
माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर।

महोदय,

आपके पत्रांक–माँ वि0वि0 / कु0स0का0 / 1163 / 2025–26 दिनांक 25–03–2026 के तद्क्रम में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (FYUP) लागू करने के लिये विश्वविद्यालय में संसाधनों एवं संचालित विषयों के अनुरूप संकायों का वर्गीकरण एवं विषय पुंज का निर्धारण आप द्वारा गठित समिति की बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं के अनुसार माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

1. उत्तर प्रदेश शासन उच्च शिक्षा अनुभाग–3 सं0–2090 / सत्तर–3–2024–09(01) / 2023 (L4) दिनांक 02 सितम्बर 2024 के अनुपालन में सत्र 2025–26 से नई शिक्षा नीति के (FYUP) नीति को माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर द्वारा अंगीकार किया गया है। जिसे सत्र 2026–27 से लागू करने का निर्णय लिया गया है।
2. (FYUP) प्रोग्राम के तहत एक वर्ष का सर्टिफिकेट, दो वर्ष का डिप्लोमा, तीन वर्ष की स्नातक डिग्री, चार वर्ष स्नातक (मानद), स्नातक (मानद शोध सहित) डिग्री एवं पांच वर्ष की स्नातकोत्तर डिग्री तथा शोध उपाधि लागू होगी।
3. (FYUP) के अनुरूप संकाय विषयों का समूह है, यथा–कला संकाय, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय इत्यादि।
4. छात्रों को बहुविषयकता उपलब्ध कराने के लिये संकायों में विषयों के वर्गीकरण की व्यवस्था शासनादेश सं0–1267 / सत्तर–3–2021–16(26) / 2011 दिनांक 15–06–2021 के अनुसार समिति द्वारा संकायों का वर्गीकरण एवं उससे आच्छादित विषय का विवरण निम्नलिखित प्रकार से किया जाता है :–

(क) **विज्ञान संकाय :–**

विज्ञान संकाय के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों को सूचीबद्ध किया जाता है :–

भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, बी0सी0ए0, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नालाजी (जैव प्रौद्योगिकी)।

**विषय समूह :–**

**Maths Group**

Maths + Physics
Maths + Statistics
Maths + Computer Science
Maths + Chemistry
Physics + Chemistry
Physics + Computer Science
Physics + Statistics

09.04.26

H Tiwary  Gupta

**BIO Group**

Botany + Zoology
Botany + Chemistry
Zoology + Chemistry
Botany + BIO Technology
Chemistry + BIO Technology

**नोट :-**

1. उपरोक्त विषय समूहों में से विद्यार्थी को दो मेजर विषय हेतु किसी एक समूह का चयन करना होगा।
2. महाविद्यालय–विश्वविद्यालय अपने संसाधनों के अनुरूप निर्धारित सीटों में से न्यूनतम 33 प्रतिशत सीट पर प्रत्येक समूह में प्रवेश होगा।

09.04.26

(Dr. Harish Kumar Tiwari)

## मॉं विंध्यावासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर (MAA VINDHYAVASINI VISWAVIDYALAYA, MIRZAPUR)

## Faculty of Commerce (Program Structure of B. Com. 4 Year 2026-27) (NEP 2020)

| Year | Sem. | Major Paper | Credit | Minor Paper (From other faculty in even semester) | Credit | Skill Devlopment Paper | Credit | Co-Curriculor Paper | Credit | Credit | Total Credit |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| First | I | (1) BUSINESS ORGANISATIONS | 6 | | | Any One Paper as prescribed | 3 | Any One Paper as prescribed | 2 | 17 | 40 |
| | | (2) BUSINESS STATISTICS | 6 | | | | | | | | |
| | II | (1) BUSINESS MANAGEMENT | 6 | From other faculty | 6 | Any One Paper as prescribed | 3 | Any One Paper as prescribed | 2 | 23 | |
| | | (2) FINANCIAL ACCOUNTING | 4 | | | | | | | | |
| | | (3) COMPUTERISED ACCOUNTING (P)* | 2 | | | | | | | | |
| | II | (1) COMPANY LAW | 6 | | | Any One Paper as prescribed | 3 | Any One Paper as prescribed | 2 | 17 | 40 |
| | | (2) COST ACCOUNTING | 6 | | | | | | | | |
| | V | (1) INCOME TAX LAW AND ACCOUNTS | 6 | From other faculty | 6 | NA | | Any One Paper as prescribed | 2 | 23 | |
| | | (2) FUNDAMENTALS OF MARKETING | 4 | | | | | | | | |
| | | (3) DIGITAL MARKETING (P)* | 2 | | | | | | | | |
| | | **SURVEY RESEARCH PROJECT REPORT** | 3 | | | | | | | | |
| Third | V | (1) CORPORATE ACCOUNTING | 5 | NA | | NA | | NA | | 20 | 40 |
| | | (2) GOODS AND SERVICES TAX | 5 | | | | | | | | |
| | | (3) BUSINESS FINANCE | 5 | | | | | | | | |
| | | (4) MONETARY THEORY AND BANKING IN INDIA | 5 | | | | | | | | |
| | VI | (1) ACCOUNTING FOR MANAGERS | 5 | NA | | NA | | NA | | 20 | |
| | | (2) AUDITING | 5 | | | | | | | | |
| | | (3) FINANCIAL INSTITUTIONS AND MARKET | 5 | | | | | | | | |
| | | (4) **COMPREHENSIVE VIVA** | 5 | | | | | | | | |
| Fourth | VII | (1) ACCOUNTING FOR MANAGERIAL DECISIONS | 4 | NA | | NA | | NA | | 20 | 40 |
| | | (2) FINANCIAL MANAGEMENT | 4 | | | | | | | | |
| | | (3) MARKETING MANAGEMENT | 4 | | | | | | | | |
| | | (4) HUMAN RESOURCE MANAGEMENT | 4 | | | | | | | | |
| | | (5) BUSINESS ENVIRONMENT | 4 | | | | | | | | |
| | VIII | (1) ADVANCED STATISTICAL ANALYSIS | 4 | NA | | NA | | NA | | 20 | |
| | | (2) ORGANISATIONAL BEHAVIOUR | 4 | | | | | | | | |
| | | (3) CORPORATE TAX PLANNING & MANAGEMENT | 4 | | | | | | | | |
| | | (4) SALES MANAGEMENT | 4 | | | | | | | | |
| | | (5) STRATEGIC MANAGEMENT | 4 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | **Total Credit** | **160** |

The evaluation of the students in Major & Minor papers shall be done on the basis of Internal Assessment (25 Marks) and External Assessment (75 Marks).

The evaluation of the students in Skill Devlopment Paper shall be done on the basis of only Internal Assessment (25 Marks + 75 Marks).

In Second & Fourth Semester, The evaluation of the practical Paper (P*) shall be done on the basis of Internal Assessment (25 Marks) & External Assessment (75 Marks) by internal and external examiner.

In fourth semester, Students have to do Survey Research Project Report in Intra / Inter faculty related to main subject (100 Marks).Report evaluated by (Internal + external Examiner)

The evaluation of the students in Co curicular Paper shall be done on the basis of only External Assessment (100 Marks).

For Comprehensive Viva Voce ( Internal + external examiner)